सं. 11/1/2021-गो-1/1

कर्मचारी चयन आयोग

(गोपनीय 1/1 अनुभाग)

विषय: संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तरीय (10+2)परीक्षा, 2021- अभ्यर्थियों को शॉर्ट-लिस्ट कर दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाने के लिए कौशल परीक्षा (टंकण परीक्षा और डीईएसटी) के परिणाम की घोषणा के संबंध में।

******

कर्मचारी चयन आयोग ने संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तरीय (10+2)परीक्षा, 2021 के टियर-II का परिणाम दिनांक 16.12.2022 को घोषित किया था जिसमें कुल 35023 अभ्यर्थियों को टंकण परीक्षा के लिए, 4374 अभ्यर्थियों को नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) में डीईओ के पद हेतु डॉटा एंट्री गति परीक्षा (डीईएसटी) के लिए तथा 1511 अभ्यर्थियों को डीईओ के पद हेतु (नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) के अतिरिक्त) डाटा एंट्री गति परीक्षा (डीईएसटी) के लिए उपस्थित होने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया था।

2. परीक्षा के कौशल परीक्षण (डीईएसटी /टंकण परीक्षा) में आयोग द्वारा निर्धारित कट-ऑफ के आधार पर कुल 14873 अभ्यर्थियों ने टंकण परीक्षा (सूची-I), 220 अभ्यर्थियों ने डीईएसटी (सीएजी) (सूची-II) और 1067 अभ्यर्थियों ने डीईएसटी (सीएजी के अतिरिक्त) (सूची-III) (अनंतिम) में दस्तावेज सत्यापन में उपस्थित होने हेतु उत्तीर्ण किया। टंकण परीक्षा/ डाटा एंट्री गति परीक्षा डीईएसटी में अनुमत्य त्रुटियों/गलतियों की प्रतिशतता के आधार पर निर्धारित श्रेणीवार कट-ऑफ और उपलब्ध अभ्यर्थियों का विवरण निम्नानुसार है:-

- **टंकण परीक्षा :**

	कट-ऑफ प्रतिशत	**उपलब्ध अभ्यर्थी**
आकव	10	2971
अजा	10	3190
अजजा	10	1336
भूपूसै	10	927
अ.दि	10	200
श्र.दि.	10	124
अपिव	10	3951
दृ.दि.	10	216
अन्य दिव्यांजन	10	66
अना	7	1892
योग	--	14873*

*इनमें छूट प्राप्त करने वाले 156 अभ्यर्थी शामिल हैं जिन्हें उनकी संबंधित श्रेणियों के तहत गिना गया था।

- **<u>नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) में डीईओ के पद हेतु डॉटा एंट्री गति परीक्षा (डीईएसटी):</u>**

	कट-ऑफ प्रतिशत	उपलब्ध अभ्यर्थी
आकव	7	38
अजा	7	41
अजजा	7	13
भूपूसै	7	7
अ.दि	7	1
श्र.दि.	7	0
अपिव	7	70
दृ.दि.	7	11
अन्य दिव्यांजन	7	0
अना	5	39
योग	--	220

- **<u>डीईओ के पद हेतु (नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) के अतिरिक्त):</u>**

	कट-ऑफ प्रतिशत	उपलब्ध अभ्यर्थी
आकव	7	115
अजा	7	209
अजजा	7	104
भूपूसै	7	0
अ.दि	7	0
श्र.दि.	7	0
अपिव	7	456
दृ.दि.	7	2
अन्य दिव्यांजन	7	0
अना	5	181
योग	--	1067

3. अनुक्रमांक 2002040056, 2405121029, 3206680634 वाले तीन (03) अभ्यर्थियों के परिणाम अदालती आदेशों के कारण रोके गए हैं।

4. सभी अर्हक अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन में शामिल होना आवश्यक है। दस्तावेज़ सत्यापन संचालन का कार्यक्रम आयोग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों की वेबसाइटों पर शीघ्र ही उपलब्ध होगा । शॉर्ट लिस्ट किए गए अभ्यर्थी आगे की जानकारी हेतु आयोग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों की वेबसाईट को नियमित रूप से देखते रहें।

5. कौशल परीक्षा में अभ्यर्थियों की त्रुटि प्रतिशतता का ब्योरा आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 23.03.2023 को अपलोड किया जाएगा। अभ्यर्थी अपनी पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड का उपयोग करके लॉग-ईन कर सकते हैं। यह सुविधा दिनांक 23.03.2023 से 06.04.2023 तक उपलब्ध रहेगी।

अवर सचिव(गोपनीय)
18.03.2023